मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-98
29/01/2023

# मुख्यमंत्री ने अंडर– 19 टी–20 विश्व कप जीतने पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम को दी हार्दिक बधाई

पटना, 29 जनवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने दक्षिण अफ्रीका में खेले गये अंडर– 19 टी–20 विश्व कप को भारतीय महिला क्रिकेट टीम द्वारा जीते जाने पर टीम के सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने अंडर– 19 टी–20 विश्व कप जीतकर एक इतिहास रचा है। भारत यह टूर्नामेंट जीतने वाला पहला देश बन गया है। अंडर– 19 भारतीय महिला क्रिकेट टीम की इस खिताबी जीत में उसके सभी खिलाड़ियों ने अहम भूमिका निभाई। यह जीत उनकी कड़ी मेहनत, ऊर्जा और धैर्य के साथ ही दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने अंडर– 19 भारतीय महिला क्रिकेट टीम को भविष्य के लिये अपनी शुभकामनायें दी हैं।

******